## खबर संक्षेप

### आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत समस्त नियोजन गतिविधियों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र 22 जुलाई 2025 के द्वारा धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत एक प्रमुख पहल आदि कर्मयोगी अभियान उत्तरदायी शासन कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम छोर तक सेवा वितरण में गति लाने एवं जनजातीय विकास प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के लिये लोक अधिकारियों का एक उन्मुख संवर्ग तैयार करना है। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा समस्त नियोजन गतिविधियों के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किये जाने के लिये बैठक आज

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किये जाने के लिये 18 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है । उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला छिंदवाड़ा ने अध्यक्ष/सचिव, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व संबंधितों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### पेसा मोबिलाइजर के प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे पेसा जिला समन्वयक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में पेसा जिला समन्वयक के द्वारा विगत दिवस जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सभाग्रह में चल रहे प्रशिक्षण का विजिट किया गया। शासन के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसकी समीक्षा लेने जिले से पहुँचे पेसा जिला समन्वयक श्री कमलेश टेकाम ने पेसा एक्ट अधिनियम 2022 के तहत बनी समितियों के बारे मे जानकारी ली, जिसमें मोबीलाइज़र के कार्यों की जानकारी के लिये डेली डायरी चेक की गई।

## एनजीटी की मनाही के बाद भी संबंधित अधिकारी नहीं कर रहे नियमों का पालन

# बेखौफ डंपरों-ट्रैक्टरों से हो रहा रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील की बहुमूल्य नदी नालों से रेत निकालने का खेल एनजीटी की रोक के बावजूद अधिकारियों की मिली भगत के चलते हो रहा है। रेत चोरों के अब इतने बुलंद हौसले हो गये हैं कि क्या रात क्या दिन रेत तस्करी जमकर की जा रही है। अब यह रेत चोर इतने बेखौफ हो गए हैं कि इन्हें प्रशासन का डर नहीं रहा और ना ही पुलिस का कोई भय इसलिए रेत बेखौफ होकर निकाल रहे है और रेत का कारोबार जमकर चल रहा है।

इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रेत चोरी का मूल कारण खनिज विभाग, तहसीलदार, वन विभाग, पुलिस, जिनको जितने अधिकार हैं। उनका तनिक भी ये अधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इनको इनके द्वारा संरक्षण जो दिया जा रहा है। एनजीटी की रोक के बाद रेत चोरी होने मूल कारण यही है।

### खनिज निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

इस क्षेत्र की खनिज निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर इसलिए सवाल उठते रहे हैं कि उनके द्वारा कभी कोई रेत चोरी के वाहन पकड़ने ठोस प्रयास नहीं किया गये। अन्य विभागों ने वाहन पकडे लेकिन. लचर कार्य प्रणाली के चलते वाहन राजसात होने के बजाय केबल जुर्माना देकर छूटे।

### राजस्व विभाग ने भी रेत चोरी पकड़ने में नहीं ली कभी रुचि

नदियां जो राजस्व की भूमि कहलाती हैं। नदियों से कई वर्षों से रेत की चोरी होती चली आ रही है, लेकिन कोटवार से लेकर तहसीलदार तक ने इक्का दुक्का कार्यवाई करने के अलावा रेत वाहन से हो रही चोरी रोकने कोई ठोस कार्रवाई राजस्व द्वारा नहीं किया जाना रेत चोरों पक्ष में विभाग नजर आया।

### पुलिस की रात्रि गश्ती भी साबित हो रही बेअसर

रेत चोरी के वाहन जो देलाखारी से लेकर परासिया थाना सीमा तक ओवरलोड रेत के ट्रैक्टर दूसरे जिलों के पासिंग नंबर के ट्रक बिना नंबर बीमा के अलावा बगैर लाइसेंस के चालक वाहन चला रहे हैं। इन पर भी कभी चालानी कार्रवाई देखने सुनने नहीं मिली जिससे देलाखारी एवं तामिया पुलिस की रात्रि गस्ती पर सवाल खड़े होना लाजमी है।

### अधिकारियों पर नजर रखने की जगह तैनात रहते हैं रेत वाहन मालिक

दर्जनों ट्रक एवं ट्रैक्टर जो रेत लेकर निकलते हैं, उन्हें कोई अधिकारी पकड़ ना सके। इसके लिए तहसील से लेकर टोल नाके तक रेत ले जाने वालों के गुर्गे नजर बनाए रहते हैं। इनके बारे में भी पुलिस ने कभी रात में घूमने पर पूछताछ नहीं की। इसी के चलते मोटरसाइकिल एवं कार से थाना गेट पर भी निगरानी रखते हैं।

### रेत चोरी में भाजपा-कांग्रेस नेता नजर आते हैं एकजुट

इस रेत चोरी के धंधे में भाजपा और कांग्रेस के नेता शामिल हैं। वे दलगत राजनीती से ऊपर उठकर रेत चोरी में एक दूसरे के सहयोगी बने रहते हैं जिससे अधिकारियों को विरोध का सामना नहीं करना पड़ता है। इस रेत चोरी का एक मूल कारण यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को संज्ञान में लेकर पार्टी की छवि धूमल होने से बचाने निर्देश देने होंगे। नहीं तो दोनों पार्टियों की छवि रेत चोरी के धंधे के कारण धूमिल होगी।



## ग्रामीणों को कपड़े के थैले किए वितरित

# आदिवासी अंचल की सरपंच कविता को मिला राष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

छिन्दवाड़ा जिले की जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत खुमकाल की सरपंच श्रीमती कविता शनिराम धुर्वे आज पूरे जिले के लिए गर्व का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री के.आर. पाटिल तथा मंत्रालय की प्रमुख सचिव सुश्री देवोलीना मुखर्जी की उपस्थिति में उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत किए गए प्रेरणादायक नवाचारों और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही लाल किले में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में वे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।सरपंच कविता धुर्वे की पहल - सरपंच श्रीमती धुर्वे ने ग्राम पंचायत खुमकाल ने स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया।उनके द्वारा ग्राम पंचायत खुमकाल के ग्राम आराडोंगरी को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव के रूप में विकसित करने हेतु चौपाल, ग्राम सभा एवं गृह भेंटों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया गया।साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कम्पोज्ड पिट, प्लास्टिक संग्रहण यूनिट, सॉकपिट और मैजिक पिट का निर्माण कराया गया। उनके द्वारा 'कबाड़ से जुगाड़' की थीम पर जनसहयोग से स्वच्छता पार्क तैयार किया गया।जिसमें स्वच्छ भारत मिशन की टीम का विशेष योगदान रहा।

### स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

**दमुआ।** 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दमुआ शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलो मे शासकीय , अर्धशासकीय कार्यालय, भवन आफिस , संस्था स्कूलों विद्यालय, बैंक उपक्रम, डाकघर , प्रायवेट संस्था स्कूलों में 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम पूर्वक मनाया गया जैस वन परिक्षेत्र कार्यालय दमुआ में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री धमेन्द्र शर्मा जी के हस्ते ध्वजा रोहण किया गया, पी.एम.श्री एकीकृत शा.उ.म.वि. दमुआ में बी.ओ. सी.के सातनकर द्वारा विद्यालय में ध्वजा रोहण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई। इस तरह सी.एम.राईज स्कूल दमुआ में प्राचार्या श्रीमती गौरी सिसोदिया कैलाबाग के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया और सलामी ली गई।

## रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाएगी करणी सेना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सोमवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। करणी सेना के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जित्तू सिंह बैस के समक्ष 400 युवा करणी सेना की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जित्तू बैस द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि करणी सेना जिले में सामाजिक और धार्मिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी। साथ ही जिले में तेजी से फैल रहे सूखे नशे के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक सरोकार के लिए सभी समाज के युवाओं से करणी सेना के साथ जुड़ने का आव्हान किया।

### योगराज कृष्ण की लोकहितैषी दृष्टि पर व्याख्यान

**छिंदवाड़ाः** विश्वगीता प्रतिष्ठान छिन्दवाड़ा इकाई द्वारा स्थापना दिवस पर केशव साहू के निवास स्थान कृतिका रेजीडेंसी गांधीगंज छिंदवाड़ा में प्रबोधन कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गीता दर्शनः योगराज कृष्ण की लोकहितैषी दृष्टि विषय पर आयोजित व्याख्यान में बोलते हुए प्रो. अमर सिंह ने कहा कि लोककल्याणार्थ कृष्ण की सहज करुणा, उदारता और दयालुता ही उन्हें भगवतसत्ता का दर्जा दिलाती है। श्रीकृष्ण दर्शन सकारात्मक ध्यात्मिक सन्यास से जीवन की पूर्णता प्राप्त करने पर जोर देता है। कृष्ण पलायनवादी मानसिकता के पुरजोर विरोधी थे क्योंकि उनकी दृष्टि में सांसारिक जीवन की पूर्ण स्वीकार्यता ही परमानंद है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार : सांसद

## जिले में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की सांसद ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



स्थानीय पूजा लॉज में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने पत्रकारों से मुलाकात करते हुए उन्हें सर्वप्रथम स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, भुजलिया और बलराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए प्रदेश सहित देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी। इस दौरान सांसद श्री साहू ने सभी पत्रकारों का लगातार सहयोग और सुझाव देने पर उनका आभार व्यक्त किया। सांसद श्री साहू ने ऑपरेशन सिंदूर, टैरिफ वॉर, किसानों से जुड़े मुद्दों, स्वदेशी , संसद नहीं चलने देने को लेकर अपनी बात रखते हुए जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेले महाकुंभ, जनजातिय गौरव दिवस और जिले भर में आयोजित किये जाने वाले 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिवरों सहित अन्य प्रस्तावित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### सांसद ने कहा देश हर चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार

सांसद श्री साहू ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर को देश के लिए ऐतिहासिक और सफल कदम बताया। उन्होंने टैरिफ वॉर का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे देश को एक बड़ी हानि होगी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों और जनता के हित में कठोर निर्णय लेते हुए इससे मुकाबला करने की योजना तैयार कर ली है। सांसद श्री साहू ने कहा कि किसानों और पशुपालकों के हित में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। विदेशी देश चाहता है कि उनके देश में उत्पादित होने वाले मांसाहारी दूध का इस्तेमाल भारत में किया जाये। जिसे प्रधानमंत्री जी ने स्वीकार नहीं किया हैं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि किसानों की आय को दौगुनी करना है। जिसके लिए सरकार योजना बनाकर उस देश में संचालित भी कर रही है। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। जिसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। संसद नहीं चलने देने के मुद्दे पर सांसद श्री साहू ने कहा कि यह विरोधियों की सोची समझी साजिश है। वे सरकार के हर अच्छे काम पर अलंकार लगा रहे है। विरोधी दल हर अच्छी जनहितैषी योजनाओं का विरोध कर रहे है, जो सही नहीं है।

### सांसद ने कहा कांग्रेस के शासन काल में किसानों पर गोलियां चली

सांसद श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में किसानों पर गोलियां चली है। उन्होंने छिन्दवाड़ा विधायक शेख कमलनाथ से पत्रकारों के माध्यम से पूछा कि कांग्रेस के शासन में अमरवाड़ा, पलारी और मुलताई में किसानों पर गोलियां किसके कहने पर चलाई गई। जिसमें कई निर्दोश किसानों मौत हुई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे छोटे शेख नकुलनाथ से पूछे कि वे बड़े शेख कमलनाथ से पूछे कि उनके मुख्यमंत्री रहते किसानों का कर्ज माफ क्यों नहीं किया गया। किसानों को सिर्फ कर्जमाफी के प्रमाण पत्र दिए गए। किसानों के लिए जारी ट्रांसफार्मर योजना और आमजनों की संबल योजना क्यों बंद की गई। किसानों के फसल बीमा की प्रीमियम क्यों जमा नहीं की गई।

### सांसद ने जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी

सांसद श्री साहू ने जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होने पत्रकारों को बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से छिन्दवाड़ा पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेल महाकुंभ, 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन और पिछले वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सिंतबर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसंबर तक छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिर की जानकारी देते हुए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उक्त आयोजनों को सफल बनाने के लिए पत्रकारों से सहयोग की अपील की।

### 19 अगस्त को छिन्दवाड़ा आएंगे नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व आगंतुकजनों से भेंट करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का दिनांक 19 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11.15 बजे छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

20 अगस्त बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय नकुलनाथ जी "किसान बचाओ आंदोलन" का नेतृत्व करेंगे। आयोजित आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम व सुश्री विजय लक्ष्मी साधो सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मनरेगा के उपयंत्री अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



मनरेगा के उपयंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण किए जाने संबंधी ज्ञापन द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित भोपाल तक के अधिकारियों को दिया गया है। प्रदेश भर के मनरेगा उपयंत्री विगत कई वर्षों से विभिन्न संगठनों के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर शासन को अवगत कराते रहे हैं किंतु मांगे पूरी नहीं हो पा रही है। मनरेगा के उप यंत्री निरंतर शोषण का शिकार होते चले आ रहे हैं।

उपयंत्रियों ने निम्नलिखित मांगों का निराकरण किया जाने का अनुरोध अपने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है जिनमें उनकी पहली मांग संविदा का पारिश्रमिक सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य किया जाए। मनरेगा के उप यंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिले। उपयंत्री को किसी भी प्रकार पद से पृथक किए जाने के स्थान पर निलंबित किया जाए। आर ई एस के सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। नियमित कर्मचारियों के बराबर ग्रेच्युटी आदेश तत्काल जारी हो। संविदा सेवा का नवीनीकरण एक वर्ष नहीं 5 वर्ष की सीआर शहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला पंचायत में ज्ञापन सौंपा है। मनरेगा के उप यंत्रियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले भर की पंचायतो के माध्यम से होने वाले निर्माण एवं उनके एस्टीमेट सहित कई तकनीकी काम बाधित हो रहे हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण मां की बगिया जो प्रधानमंत्री का अति महत्वपूर्ण योजना प्रभावित हो रही है और जिस कारण इस्टीमेट ना बनने की दशा में पौधरोपण नहीं किया जा रहे हैं। इस तरह उपयंत्री के हड़ताल पर चले जाने के कारण निर्माण सहित सभी योजना बुरी तरीके से प्रभावित हो रही हैं। अगर शीघ्र ही उनकी मांग नहीं मानी गई तो यह हड़ताल और लंबे समय तक चल सकती है जिसका परिणाम ग्रामीण क्षेत्र में विकास पर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में प्रदेश सरकार को शीघ्र ही उपयंत्रियों की मांग पर विचार कर निराकरण करना होगा जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित न हो।

### जिले में अभी तक 696.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 696.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 872.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले 17 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 29.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 35, मोहखेड़ में 72.1, अमरवाड़ा में 40.2, चौरई में 9.8, हर्रई में 11.8, बिछुआ में 63.4, परासिया में 15.2, जुन्नारदेव में 21.4, चांद में 44.8 और उमरेठ में 8.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 614, मोहखेड़ 644, तामिया में 743, अमरवाड़ा में 717.2, चौरई में 638.4, हर्रई में 1002.1, बिछुआ में 605.2, परासिया में 569.4, जुन्नारदेव में 710.8, चांद में 732.3 और उमरेठ में 711.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# अंबाड़ा के लोगों ने दंगल का लिया लुत्फ़

## कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर हुआ कुश्ती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत अंबाड़ा में दंगल का आयोजन हुआ । जिसमें लोगों ने कुश्ती का बेहद लुत्फ़ उठाया । श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इंदौर , भोपाल , जबलपुर, ग्वालियर , छिंदवाड़ा जिले के पहलवानों ने शिरकत की । परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि के मुख्य आतिथ्य , परासिया जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , नप बड़कुही के अध्यक्ष भरत डेहरिया , चांदामेटा नपा उपाध्यक्ष अमजद खान , इंटक नेता साबिर खान , भगवान दीन यादव , कांग्रेस नेता गोविन्द चौबे , अकबर खान , अजहर खान , राकेश शर्मा , एन एस यू आई नेता गौरव सिंह ( मोनू ) ठाकुर की विशेष उपस्तिथि में हुए दंगल का आनंद लेने लोगों की भीड़ उमड़ी । लगभग 25 पहलवानों की जोड़ियां ने अपनी पहलवानी का हुनर दिखाया ।अंत में रोहित पहलवान पखड़िया छिंदवाड़ा - नरेंद्र पहलवान झांसी और शिवा पहलवान छिंदवाड़ा -ःदीपू गुर्जर पहलवान झांसी के बीच अंतिम मुकाबला हुआ । जिसमें नरेंद्र पहलवान और दीपू गुर्जर पहलवान मुकाबला को जीता । आयोजन समिति के पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली ने कहा , कि बीते 5 सालों से यह दंगल का आयोजन लोगों के सहयोग और विधायक के सहयोग से होता आ रहा है । उन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## चारफाटक में जन्माष्टमीं पर आयोजित की गई विषाल ईनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता

# एकता स्पोर्ट और डी बॉयस ने जीता मटकी फोड़ का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रतिवर्षांनुसार इस वर्ष भी चारफाटक में ईनामीं विषाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद बंटी विवेक साहू शामिल हुये। उन्होंने इस अवसर पर उक्त आयोजन की प्रषंसा करते हुये कार्यक्रम में मौजूद लोगों और जिलेवासियों को जन्माष्टमीं की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

श्री कृष्णा जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल मटकी फोड़ इनामी प्रतियोगिता आयोजन दादा धूनी वाले मंदिर चार फाटक में किया गया। जिसमें प्रथम इनाम 51000 हजार, द्वितीय इनाम 21000 हजार रखा गया था। जिसमें प्रथम इनाम एकता स्पोर्ट और द्वितीय इनाम डी बॉयस ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 5 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर दौलत सिंग, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, गरिमा दामोदर, मनोज कुशवाहा, मनोज सक्सेना, बलराम साहू, रिंकी चौरसिया, शिप्रा सोनी, भारती जैन, नितिन जैन, अशोक संचेती, गोलू गुप्ता, अमित माहौरे, नरेंद्र माहौरे, ऋषभ तिवारी, जागेंद्र सोलंकी, मयंक अवस्थी, सत्यम राजपूत, गजेंद्र तलकर, जीतू बैस, सुरेंद पटेल, आशु कोरिया, शालू सोनी, सलीम खान, प्रिंस श्रीवास्तव, पारस डोले, ऋषभ सेंगर, रानी सूर्यवंशी, दीपक पाठक, हरीश यादव आदि उपस्थित थे।

धर्म टेकरी भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने बताया कि केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी की पुण्यतिथि एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों में स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपाई जी की एवं स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की प्रतिमा स्थापित कर पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया कार्यक्रम में नगर मंडल के सभी पदाधिकारी पार्षद और बूथों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुशाभाऊ ठाकरे ने पार्टी संगठन के लिए अपना जीवन समर्पित किया: बारस्कर

# अटल जी ने भारत के विकास के नए द्वार खोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की समस्त देशवासियों को बधाई, आज का दिन सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए, यह बधाई देते हुए भाजपा नगर मंडल 3 के अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने वार्ड 31 और 27 में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री ओजस्वी वक्ता अजातशत्रु पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा भारत के विकास में स्वर्णिम चतुर्भुज तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू कर विकास का नया युग शुरू किया।

आज उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके बताए आदर्शों पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश भाजपा संगठन के पितृ पुरुष कहे जाने वाले कुशाभाऊ ठाकरे जी जिनकी आज जन्म जयंती है,उन्होने प्रदेश और देश में संगठन को मजबूत करने में अपना जीवन लगा दिया पार्टी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलकर आदर्श कार्यकर्ता बनता है, उनके आदर्शों का अनुसरण ही उनको हमारी आदरांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पंकज पाटनी ने भी दोनों महापुरुषों के कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर सुरेंद्र भारद्वाज, जित्तू मालवी, मयूर पटेल, मनीष गुप्ता, मोहित बुनकर, अनिल सोनी,श्रीमती संध्या गुप्ता, वंदना विश्वकर्मा, आशीष गुप्ता, घनश्याम राजपूत, आलोक जैन, नरेंद्र बागड़ी, सन्नी गढ़ेवाल, कुंज राठी, गुड्डू भारती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पशु विभाग के सहयोग से गौवंश का कराया उपचार

**छिंदवाड़ा।** जियो ओर जीने दो की पवित्र भावना के साथ मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा द्वारा किए जा रहे जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ समाज सेवा के कार्य जन मानस का दिल जीत रहे हैं।जीव दया का उदाहरण शनिवार रात 8 बजे छिंदवाड़ा के सुभाष पार्क के सामने देखने को मिला, जहां भारी बारिश के कारण एक गौमाता अहिंसा प्रेमी संजय साहू के निवास पर आई ओर बैठ गई। जिस पर संजय साहू की नजर पड़ी और उन्होंने देखा कि गौमाता को बच्चा होने वाला है। श्री साहू ने गौमाता का वीडियो बनाया और यह सूचना सभी ग्रुपों में भेजी दी। दो घंटे इंतजार के पश्चात रात दस बजे तक कोई मदद नहीं मिलने पर उन्होंने सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक से मदद मांगी।सूचना मिलते ही तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे ओर पशु विभाग के सिविल सर्जन डॉक्टर प्राची चड्ढा से मदद मांगी। श्री जैन के निवेदन पर प्राची चड्ढा ने रात 10 बजकर 15 मिनिट पर पशु विभाग से ए.व्ही.फ.ओ. प्रदीप ऊइके को गौमाता के उपचार के लिए पहुंचाया।घटना स्थल पहुंचकर पशु चिकित्सकों द्वारा गौमाता का परीक्षण किया गया तो पाया कि अभी गौमाता को बच्चा होने में लगभग दो दिन का समय है। यह सुनकर सभी अहिंसा प्रेमियों ने गौमाता को गुड के साथ भोजन कराया और उसके स्वास्थ लाभ की कामना की।भारी बारिश के बीच रात 10 बजे जीव दया के इस पुनीत एवं निः स्वार्थ कार्य के लिए अहिंसा प्रेमी दीपक राज जैन एवं डॉक्टर प्राची चड्ढा सहित पशु विभाग छिंदवाड़ा का संजय साहू, अरुण शर्मा एवं पहलाद विश्वकर्मा सहित क्षैत्र वासियों ने आभार मानकर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## मोया में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में लगाएं गए पांच सौ पौधे



**बिछुआ।** 15 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया के नवीन स्कूल भवन में 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री कलेक्टर महोदय छिंदवाड़ा एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में ₹एक पेड़ मां के नाम₹अभियान के अंतर्गत 500 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर स्कूल कैंपस में सिल्वर ओक 75, पुत्री जीवक 50, खमेर 50, बहेड़ा 50, शिसु 25, मुनगा 10 करंज 25, अशोक 50, पिल्ट्रा फर्म 75, अमलतास 10, गुलमोहर 10 एवं इनडोर प्लांट 60 का वृक्षारोपण किया गया।वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में,**PTA** अध्यक्ष श्री नेवालाल जी चौरिया, ग्राम मोया सरपंच श्री फूलसिंह तेकाम , एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिको ,पालकों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम हेतु संस्था में पदस्त समस्त शिक्षकों ने एक नई पहल करते हुए अपने स्वयं के खर्चे पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया।

## धम्म ध्वज यात्रा का सौंसर में होगा भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत संपूर्ण देश में पूज्यभन्ते वीनाचार्य के द्वारा जनसंवाद और धम्म ध्वज यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को नागपुर से धम्म यात्रा का दीक्षाभूमि से किया गया।इस दौरान महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में श्रीलका भिक्खु संघनायक पु पूज्य भन्ते रेवत,पूज्य भन्ते दीपांकर सुमिधो,भन्ते विनाचार्यजी, पूज्य भन्ते, ज्ञानज्योति पूज्य भन्ते प्रशीलरत्न,भारतीय बौध्द महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमरावजी आम्बेडकर,पूर्व मंत्री दिल्ली राजेद्रप्रसाद पाल,जी टीवी सिनेअभिनेता हिमांशु सोनी, यात्रा प्रमुख नितिन गजभिए,आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।नागपुर की दीक्षाभूमि से शुरू हुई धम्म ध्वज यात्रा महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के शहरों और ग्रामों का भ्रमण करते हुए आगामी 24 सितंबर को सौसर पहुचेगी,यात्रा का समापन कार्यक्रम को लेकर सौसर बौध्द अनुयाइयों की नागपुर में संपन्न हुई बैठक में आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए दिलीप बागडे ने बताया महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व कर रहेपूज्य भन्ते विनाचार्यजी को 68 दिन तक जेल में रखकर परेशान किया गया है, जिनकी रिहाई को लेकर संपूर्ण देश में आंदोलन हुआ था। इन्हीं के नेतृत्व में यह धम्म ध्वज यात्रा निकाली जा रही है। जिसका सौसर में भव्य आयोजन के साथ समापन किया जाएगा। इस दौरान दिलीप बागड़े,रत्नदीप रंगारी,मुकेश बागड़े,सिद्धार्थ सोमकुवर,बाबा रंगारे, स्मिता वाकड़े, राकेश धरगावे, विलास मेश्राम,पुण्यशील बागड़े,रजनी बागड़े आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**तामिया।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और कहा कि वे सभी को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करते रहेंगे! ऐसे उद्गार तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहे! उनके बतलाये मार्गदर्शन मै भारत चौ तरफा प्रगति करता रहेगा! भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन राष्ट्र के चौ तरफा विकास को लेकर उनके समर्पण सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला रहा है! तामिया भाजपा मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष के गृह ग्राम लहगडुवा में मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची ने पुण्यतिथि पर पर नमन किया इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल के महामंत्री विनय साहू उपाध्यक्ष रियाज खान नीलेश डेहरिया,के अलावा समस्त पार्टी पदाधिकारी इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे!और सभी उपस्थित जनों ने अटल बिहारी वाजपेई को पुण्यतिथि पर नमन किया।

## जामसांवली हनुमान लोक में हुआ संतों का समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



जन्माष्टमी के पावन अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में संतो समागम हुआ हैं। मिली जानकारी के अनुसार जन्माष्टमी पर्व के अवसर परम पूज्य गुरुदेव विवेक,अवधूत संत दादा गुरुजी ने मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। परम पूज्य गुरुदेव विवेक के आगमन ने श्री हनुमान महाराज की प्रतिमा के समक्ष बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

उन्होंने विश्व के लिए सुख, शांति और कल्याण की कामना की। उनका आगमन मंदिर परिसर में एक सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर आया। इसके उपरांत पूज्य गुरुदेव श्री विवेकजी ने मंदिर परिसर में निर्माणाधीन प्रसादम न्यूनतम दर पर भक्तों हेतु भोजन व्यवस्था, सर्व सुविधा युक्त भक्तनिवास का अवलोकन किया, श्री विवेकजी ने संस्थान के न्यासिगणों के विनम्र आग्रह पर आगामी गणेश उत्सव पर 30 सितंबर को प्रसादम एवं का शुभारंभ करने हेतु सहमति प्रदान की।पूर्व सांसद एवं विधायक (विधान परिषद) कृपाल तुमाने प्रमुखता से उपस्थित थे।इस दौरान मां नर्मदा भक्त अवधूत संत श्री दादा गुरु जी मंदिर पहुचकर श्री हनुमान जी की प्रतिमा के सामने बैठकर पूजन किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए श्री रामचरितमानस के महत्व को विस्तार से समझाते हुए श्री हनुमान जी द्वारा भगवान श्री राम की की गई अनन्य सेवा और भक्ति की महिमा का वर्णन किया। संतो के आगमन पर मंदिर के ट्रस्टीगणों और अधिकारियों ने संतों का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व मंत्री नाना मोहोड़,संस्थान संरक्षक दादाराव बोबडे,अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, ट्रस्टी जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, नितिन मोहगावकर, मनोहर शेलकी,एड अजय धवले, मोहन ताजने,भास्कर गुढ़दे,नीलेश खंडाईत आदि उपस्थित थे। मंदिर संस्थान ने दोनों पूज्य संतों को सम्मान किया। दोनों संतों ने मंदिर संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न धर्म और समाज सेवा के कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इन कार्यों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बलराम जयंती पर कृषि कार्यालय में किया गया पारंपरिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शासन सी एम किसान कल्याण योजना अन्तर्गत 9 वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय वारासिवनी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान शासन के निर्देशन में बलराम जयंती का आयोजन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें वारासिवनी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, जनपद पंचायत वारासिवनी की सी ई ओ दीक्षा जैन एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेम्भरे सहित सभी कर्मचारी अधिकारी शामिल हुए।

बलराम जयंती पर खेती के परंपरागत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी कृषि विभाग कार्यालय में लगाई गई। जिसमें पारंपरिक हॅसिया, कुदाली, हल, नागर, बखर, झालर, खुरपी, फावड़ा, बैल आदि रखे गए। जिससे यह संदेश दिया गया कि खेती के लिए पारंपरिक कृषि यंत्र आवश्यक यंत्र होते है।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा कार्यालय परिसर की सफाई की गई।

उसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर तिरंगा सेल्फी का आयोजन किया गया।

## हट्टा मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वि वर्षगाठ हट्टा मे आन बान शान के साथ तिरंगा फहराकर मनाया गया । हट्टा स्थित शासकीय स्कूल,शासकीय कालेज , अशासकीय स्कूलो ,हट्टा थाना व विभिन विभागों के कार्यालयो मे ध्वजारोहण किया गया । सुबह से ही सजे धजे परिधानों मे स्कूली बच्चे हाथों मे तिरंगा लिए अपने अपने स्कूल पहुचे जहा संस्था प्रमुखों सहित लोगों के द्वारा सर्वप्रथम भारतमाता ,तिरंगे का पूजन कर महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया गया । तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन किया गया । तत्पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकली गई जो ग्राम के समस्त चोक मे ध्वजारोहण करते हुए स्थानीय गुजरी चौक पहुचे । प्रतिवर्ष हट्टा के गुजरी चौक मे स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाता है । जहा पर पर ग्राम के समस्त शासकीय ,अशासकीय स्कूलो ,कालेज के छात्र छात्राए,शिक्षक गण प्रभात फेरी के रूप मे पहुचते है साथ ही ग्राम के गणमान्य व ग्राम की जनता उपस्थित रहती है। इस स्थल पर ग्राम के सरपंच श्री उमेश सोनेकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । तत्पश्चात उपस्थित जनों के द्वारा राष्ट्र ध्वज सलामी को दी गई , राष्ट्रगान के पश्चात भारत माता के जयघोष के नारे लगये गए । ग्राम पंचायत हट्टा मे स्वतंत्रता दिवस गरिमामय माहोल मे मनाया गया । प्रातः 7:30 बजे सरपंच श्री उमेश सोनेकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस दौरान प्रमुख रूप से उपसरपंच श्री वीरेंद्र बिसेन , सचिव श्री राजेन्द्र पिछोड़े , सहायक सचिव श्री मंगलेश पटले ,जनपद सदस्य श्रीमती रंजना वैध , आमंत्रित आतिथियो




व समस्त पंचगण की उपस्थिति मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसी कड़ी मे हट्टा स्थित कबीर मंगल भवन मे श्री दशरथ सोनकुसरे जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गान गाया व भारत माता की जय के नारे लगाय गए । इसके पश्चात सभाहाल मे आगंतुक व्यक्तियों के द्वारा अपने विचार रखे गये। कार्यक्रम मे कोष्ठी समाज के अध्यक्ष श्री राजू बुरडे अपनी समाज के कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहे इसी प्रकार हट्टा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतो मे सरपंचों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया व शासकीय अशासकीय स्कूलो मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया व महापूरूषों के द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति मे दिए योगदान के बारे बताया गया तत्पश्चात छात्र छात्रों को स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम के समाप्ति की गई।

## मुस्लिम समाज ने अंजुमन शादी हाल में फहराया राष्ट्र ध्वज



**वारासिवनी।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वारासिवनी मुस्लिम समाज ने अंजुमन शादी हाल में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के सदर इकबाल कुरैशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान ने बताया कि तिरंगा झंडा हमारी शान हैं, इसके महत्व को समझना हर देशवासी के लिए आवश्यक हैं, यह देशभक्ति, आपसी एकता एवं भाईचारे का परिचय देता है। इस अवसर की गरिमा को आगे भी इसी तरह बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी हैं।

## कबीरपंथी समाज बैहर की सराहनीय पहल



### सावन पुर्णिमा के अवसर पर छात्रों को आमीन माताओं ने पठन पाठन समाग्री का वितरण कर, दिया शिक्षा का संदेश

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** बालाघाट जिले की बैहर तहसील में निवासरत कबीरपंथी समाज इन दिनों समाजहीत के क्रियाकलापों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे है, जो आए दिन समाज हित में सराहनीय कार्य कर जागरूकता का दे रहे है संदेश, इसी तरह विगत दिनों सावन पुर्णिमा के अवसर पर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष आर राजा सोनवाने के निर्देशन में एवं आमीन माता महिला मंडल बैहर के सौजन्य से कबीर मंदिर आश्रम बैहर में महा चौका कार्यक्रम एवं महाप्रसाद का वितरण कराया गया था । जिसकी पूर्व तैयारियां आमीन माता महिला मंडल बैहर के द्वारा की गई थी, चर्चा के दौरान आमीन माता महिला मंडल बैहर की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा मांगरे ने बताया की प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी सावन पुर्णिमा के अवसर पर हम सामाजिक महिलाओं द्वारा, जरूरतमंदों को कुछ ना कुछ वितरण कर समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य करते रहते हैं, और इस बार आमीन माता महिला मंडल कबीरपंथी समाज बैहर के द्वारा स्कूली छात्रों को कॉपी पेन वितरण कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम बखूबी किया है। इसी तरह कबीरपंथी समाज के सियान श्री बख़रू दास धार्वे ने भी बताया की हमारे समाज में सर्वाधिक शिक्षा का अभाव देखा गया है, जिसको लेकर शिक्षा का बेहतर प्रसार हो सके और जागरूकता लाना मुख्य उद्देश्य बनाकर प्रत्येक वर्ष पुर्णिमा के अवसर पर विविध कार्यक्रम कर एक अच्छा संदेश देने का कार्य निरन्तर किया जाता रहा है। वहीं कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज के सचिव व मीडिया प्रवक्ता श्री मनीष सोनवाने ने भी अपनी बात मीडिया में रखते हुवे बताया की, समाज हित में कार्य करना सबसे बड़ी चुनौती होती है, जिसमें हौंसला बढ़ाने वाले कम और मनोबल गिराने वाले ज्यादा मिलते है, हमारे कबीरपंथी समाज में भी कुछ इसी तरह के असामाजिक तत्व है, जो घर घर जाकर समाज की साख गिराने का कार्य करते है, ऐसे बरसाती मेढक से समाज की सकारात्म पहल को किसी प्रकार से फर्क कभी नहीं पड़ता है। और अच्छे कार्य निरंतर चलते रहते है।

**समाजहित में कबीरपंथी समाज का हमेशा योगदान रहेगा:कबीरपंथी मानिकपुरी प**निका समाज बैहर के अध्यक्ष ने अपने सारगर्भित बातों से मीडिया को बताया की ₹ गुरु सो ज्ञान जू लीजिए, शीश दीजिए दान, बहुतक भोंदू बही गए, राखी जीव अभिमान।। अर्थात यदि ज्ञान रूपी गुरु बनना या प्राप्त करना हो तो ,पहले अपने अहंकार का समर्पण करो, बहुत से अविवेकी मनुष्य अपने मन में अहंकार रखकर ज्ञान के बिना ही, संसार में गुरु का ढोंग कर बह रहे है। आगे बताया की कबीरपंथी समाज में कुछ अज्ञानी गुरु जो सिफारिशों पर पंजा धारण कर तो लेते है, लेकिन अपनी मर्यादा और आचार संहिता का पालन नहीं करते है, चौका स्थलों को व्यवसाय बनाकर कार्य कर रहे लालचियों को सर्वप्रथम सुधारने की दिशा में कबीरपंथी समाज शीघ्र ही सामाजिक पाठशाला मुख्यालय स्तर पर लगाए जाने की अपील करेगा। वहीं दूसरी ओर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर समाज को एक अच्छी प्रेरणा देने का कार्य कर निरंतर किए जाने को लेकर कबीरपंथी समाज के अध्यक्ष ने कहा की समाहित में हमेशा कबीरपंथी समाज का विशेष योगदान बना रहेगा।

## कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किरनापुर एंव पुलिस विभाग ने ग्राम खारा में की अवैध शराब के विरूद्ध छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम खारा में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किरनापुर एंव पुलिस विभाग ने अवैध शराब के विरूद्ध छापामार कार्यवाही की है जिसमे करीब 28920 रु की देशी-विदेशी शराब जब्त की गई है।कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीना के निर्देश पर आबकारी एंव पुलिस विभाग द्वारा शराब के अवैध रूप से निर्माण, भण्डार एवं परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर 15 अगस्त की शाम 07 बजे ग्राम खारा में भी छापामार कार्यवाही की गई।

जिसमे श्याम उर्फ कल्लू पिता दुर्योधन मालापूरे अवैध रूप से दो दुकानों में शटर लगाकर देशी एंव विदेशी शराब का भंडारण किया हुआ था और वह दुकान के पीछे गुमठी लगाकर लोगो को शराब बेचने व पिलाने का काम करता था मुखबिर की सूचना पर केशोराव टेकाम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किरनापुर एंव अशोक कुमार ननामा के मार्गदर्शन में रजेगांव पुलिस ने ग्राम खारा निवासी श्याम उर्फ कल्लू मालापूरे की दुकान के शटर का ताला तोड़ा और विभिन्न प्रकार की देशी विदेशी शराब को जब्त किया है जिसकी कीमत करीब 28920 रु आँकी गई है।

हालांकि मौके का फायदा उठाकर आरोपी श्याम उर्फ कल्लू मालापूरे पुलिस की छापामार कार्यवाही की भनक लगते ही वहां से फरार होने में कामयाब हो गया।ग्राम खारा के ही कुछ सूत्रों से पता चला कि श्याम उर्फ कल्लू रजेगांव शराब दुकान से शराब लाकर बेचता था और इसमें रजेगांव शराब दुकान का मैंनेजर अशोक शुक्ला उसकी मदद करते हुए ग्राम खारा में शराब भेजता था।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक शुक्ला रजेगांव शराब दुकान से ग्राम हट्टा, पाथरी, भानेगांव एंव महाराष्ट्र के कुछ सीमावर्ती गांवो में शराब भिजवाता रहा है।

किरनापुर पुलिस ने फरार आरोपी श्याम उर्फ कल्लू मालापूरे पर 34(2) आबकारी अधिनियम की धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## सुमित गोयल इंवेट्स के कलाकारों ने दी शानदारी प्रस्तुति

# एक शाम शहीदों के नाम, गूंजे देशभक्ति के तराने

हरिभूमि न्यूज लांजी।

देश की आजादी के लिए कुर्बान क्रांतिकरी शहीदों एवं देश की रक्षा में बलिदान वीर सैनिकों को नमन करते हुए उनकी याद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन 15 अगस्त की शाम नगर के सुभाष चौक में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन सुमित गोयल इवेंट्स लांजी द्वारा किया गया जिसमें 9 गायक कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर शहीदों को नमन किया। इसके बाद गायक कलाकारों ने वतन पर जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की शान में एक से बढ़ कर एक लोकप्रिय गीतों से समा बांधा। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, बेटा बचाओ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे, एकल अभियान संच अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, श्रीमती शिखा कैलाशपुरी गोस्वामी, पार्षद सौरभ मोनू पशीने, भूतपूर्व सैनिक संगठन के सभी सदस्य, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, योगेंद्र दहीकर, महेंद्र गुड्डु कर्राहे, कपिल आसटकर, जितेंद्र विक्की तिड़के, पार्षद मुकेश रणदिवे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। शहीदों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में नागपुर, तिरोड़ा और बालाघाट जिले के कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज में प्रस्तुति देकर देशभक्ति गीतों से समां बांध दिया। कलाकारों में सुचिता गजभिये, शफक जाफरी, राजेश तिवारी, जय भाऊ, सैम पीटर, प्रदीप नामदेव खेड़े, मयंक बसोने, राघवेंद्र मिश्रा और अबीर शामिल थे। उल्लेखनीय है की सुमित गोयल इवेंट्स द्वारा लगातार चार वर्षों से शहीदों की याद में प्रतिवर्ष 15 अगस्त की शाम यह देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसके आयोजन से नगर में देशभक्ति की सुबह से लेकर शाम तक गूंज बनी रहती है।





## खबर संक्षेप

### मेडिकल स्टोर संचालक छत से गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर सीमा से नागपुर रोड स्थित मॉर्डन स्कूल के समीप ग्राम खैरी निवासी व एफ सी आई रोड गली नम्बर 2 व्यायाम शाला के बाजू में सिवनी निवासी मेडिकल स्टोर संचालक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन शनिवार की शाम लगभग 5 बजे अपने घर की छत से गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम निमेश पिता स्व. नरेंद्र सनोडिया उम्र 45 साल निवासी खैरीटेक ने अपने घर के ऊपरी हिस्से से नीचे गिर गया। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल निमेष को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। निमेष ने आत्महत्या की या वे गिर गए यह जांच का विषय है। फिलहाल कारण अज्ञात है। वहीं पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर लिया है व शव का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा।

# अच्छी खबर: सेवाग्राम एक्सप्रेस का मुंबई से सिवनी होते हुए नैनपुर तक विस्तार की संभावना

**सिवनी जिले के लोगों के लिए लंबे समय से चल रही एक बड़ी मांग अब पूरी होने की दिशा में बढ़ गई है। रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सिवनी को मुंबई से सीधी कनेक्टिविटी देने के लिए सेवाग्राम एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12139) के विस्तार पर गंभीरता से विचार शुरू कर दियाहै।**

30 जुलाई 2025 को सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलसते द्वारा भेजे गए पत्र के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया है कि सेवाग्राम एक्सप्रेस को वर्तमान में मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से नागपुर तक चलाया जाता है। प्रस्ताव है कि इसे सिवनी होते हुए नैनपुर तक बढ़ाया जाए।

रेल मंत्री ने संबंधित निदेशालय को विस्तृत जांच और रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसका मतलब है कि रेलवे विभाग अब इस प्रस्ताव की तकनीकी, आर्थिक और परिचालन संबंधी सभी संभावनाओं का आकलन करेगा।




अगर यह विस्तार मंजूर हो जाता है तो सिवनी जिले के यात्रियों को नागपुर जाकर ट्रेन पकड़ने की जरूरत नहीं होगी। सीधे सिवनी से मुंबई के लिए रेल सेवा उपलब्ध होगी, जो व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन सभी क्षेत्रों में बड़ा बदलाव ला सकती है।

स्थानीय व्यापारी संगठनों का मानना है कि सिवनी-मुंबई सीधी ट्रेन सेवा से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और जिले में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

### लंबे समय से उठ रही थी मांग

सिवनी के लोग कई वर्षों से नैनपुर-सिवनी रेलखंड को लंबी दूरी की ट्रेनों से जोड़ने की मांग कर रहे थे। वर्तमान में इस खंड पर केवल कुछ ही यात्री और मालगाड़ियां चलती हैं। सेवाग्राम एक्सप्रेस के विस्तार से न केवल जिले के यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि इस मार्ग की रणनीतिक महत्वता भी बढ़ जाएगी।

रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद यह तय होगा कि यह ट्रेन विस्तार कब से शुरू हो सकेगा। जानकारों का कहना है कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चला तो आने वाले महीनों में सिवनी के रेलवे टाइमटेबल में एक नया इतिहास जुड़ सकता है।

# बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कृष्णा जन्माष्टमी पर्व, जगह जगह फोड़ी गई मटकिया, मनमोहन झांकियां का लोगों ने उठाया लुफ्त







हरिभूमि न्यूज सिवनी।

धूमा पूर्व वर्ष तरह जन्माष्टमी का महापर्व धूमा नगर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है इस वर्ष भी भगवान कृष्ण की जन्म दिवस के अवसर पर यादव महासभा संगठन क्षेत्र धूमा द्वारा बड़े ही उल्लास पूर्वक यह पर्व मनाया गया जिसमें पारंपरिक नृत्य डीजे धमाल ढोल ताशे मनमोहक झांकियां घोड़ा रथ बग्घी के द्वारा के साथ कई हजारों की संख्या में क्षेत्र से उपस्थित यादव परिवार के सदस्यों द्वारा यह पर्व बड़े ही उल्लास पूर्वक मनाया जिसमें जगह-जगह अनेकों प्रकार के भंडारे की व्यवस्था रखी गई जुलूस कार्यक्रम स्थल से निकलकर गोटेगांव तिराहा उपरांत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा जहां पर भगवान श्री कृष्णा के महा आरती उपरांत भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ जगह-जगह फोड़ी गई हांडी जैसा कि धूमा नगर में अनेकों जगह मटकी फोड़ गई जिसमें नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति वसंत नगर धूम में 21 फीट में बंधी हुई मटकी को मंडला से आए अहीर सैला नृत्य के कलाकारों द्वारा फोड़ा गया जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा ₹1100 नगद एवं शील्ड द्वारा पुरुस्कृत किया गया जिसका लोगों ने जमकर लुप्त उठाया।

### जन्माष्टमी के पावन अवसर पर चंद्रवंशी समाज ने निकली विशाल शोभा यात्रा

सिवनी जिले के छपारा में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर चंद्रवंशी गोली समाज के द्वारा नगर के गोल्डन टेंपल मंदिर परिसर से एक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, इस शोभा यात्रा में भगवान राधा कृष्ण की सुंदर सुंदर झांकीया का समावेश रहा,

इस अवसर पर केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरबंस सिंह ने स्वागत सत्कार किया एवं पानी और फल वितरण कर समाज के मुखिया को तिलक लगाकर और साल श्री फल से उनका अभिवादन किया एवं शोभा यात्रा में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के गानों में सुंदर डांस प्रस्तुत कर लोगों के सामने प्रस्तुति दी गई।

### जिला गौली समाज संगठन सिवनी के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया

कार्यक्रम की शुरुआत मठ मंदिर प्रांगण में भगवान राधा-कृष्ण जी की पूजा-अर्चना, श्रृंगार एवं महाआरती से हुई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री गंगाराम चंद्रवंशी, सचिव श्री गुलाब सिंह चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष श्री पन्नालाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। पूजा उपरांत भव्य शोभायात्रा मठ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मोती महल लॉन डुंडा सिवनी में सम्पन्न हुई। रास्तेभर शोभायात्रा का स्वागत ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयकारों से किया गया।

मोती महल लॉन में स्वागत उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण और उद्बोधन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक श्री दिनेश राय 'मुनमुन, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री वैभव पवार, श्री आलोक दुबे, श्री ज्ञानचंद सनोडिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिव सनोडिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संत भीमदेव जी महाराज व अन्य संत-महात्मा उपस्थित रहे। अनुश्री डांस एकेडमी की बालिकाओं ने कृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित मनमोहक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। वहीं आचार्य भीमदेव जी के बटुक दल ने गीता पाठ, स्वस्तिवाचन, अखाड़ा और योगाभ्यास की आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत समाज के प्राचार्य श्री लक्ष्मण कुमार चंद्रवंशी द्वारा शुरू की गई विशेष पहल में जिले के कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। इसके साथ ही 10वीं में 80त्न से अधिक और 12वीं में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शासकीय सेवाओं में चयनित युवाओं तथा सेवा निवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को भी शाल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में धूमधाम से मनाई गई बलराम व कृष्ण जन्माष्टमी

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय ङ्खद्धशश्चड्डद्य के निर्देशन में 14 अगस्त को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रतिभा गुप्ता के संरक्षण में एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो गनेश कुमार मंतारे के मार्गदर्शन में बलराम जयंती के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदय के द्वारा बलराम जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ प्रतिभा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बलराम अपनी शारीरिक शक्ति और गदा युद्ध में निपुणता के लिए जाने जाते थे उन्होंने कई राक्षसों का वध किया और कौरवों को भी अपनी शक्ति का एहसास कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष पन्नालाल सनोडिया ने कहा कि बलराम हमेशा न्याय के पक्षधर थे वह अन्याय को सहन नहीं करते थे और हमेशा धर्म के मार्ग पर चलने में विश्वास रखते थे। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ एम एस बघेल ने बलराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलराम का जन्म वासुदेव की पत्नी रोहिणी के गर्भ से हुआ था बलराम को बलभद्र हलयुद्ध संकर्षण आदि नाम से भी जाना जाता है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सविता मसीह ने कहा कि बलराम अपने छोटे भाई कृष्ण से बहुत प्रेम करते थे और हमेशा उनकी रक्षा के लिए तत्पर रहते थे। रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि बलराम को किसानों का देवता भी माना जाता है और वह कृषि से जुड़े थे। प्रो सत्येंद्र कुमार शेंडे ने बलराम जी के संपूर्ण जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान के साथ संवाद का होना बहुत जरूरी है। स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राऊर ने अपने वक्तव्य में बताया कि बलराम जी में अपार बल की क्षमता थी इसके बावजूद भी वे हमेशा तटस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो गनेश कुमार मंतारे ने किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ प्रो लीडिया कुमरे प्रो रचना राय डॉ ज्योति गजभिए डॉ रामकुमार नायक डॉ चंद्रकला अरमोती एवं एन एस एस स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों की रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ सौरभ कुमार सोनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन

सरस्वती शिशु / उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर बाल गोकुलम का भव्य आयोजन किया गयाद्य इस बाल गोकुलम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने अति सुंदर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी द्य भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर वॉल रूपों की अत्यंत सुंदर झांकियां भी सजाई गई। जिसमें श्री कृष्ण के जन्म के समय कारागार की एवं नंद बाबा के द्वारा श्री कृष्ण को गोकुल ले जाने की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं द्य इसके साथ-साथ नगर के अन्य विद्यालयों ने भी थाली सज्जा, पालना सज्जा,नृत्य प्रतियोगिता,प्रश्नोत्तरी,मटकी फोड़ प्रतियोगिता, आदि प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दी द्य इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट, श्रीमती मीना बिशेन जिला अध्यक्ष भाजपा, दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी, श्रीमती श्वेता तुरकर विकासखंड अधिकारी सिवनी, अरुण जी पटेवार एवं रामबहोरी पटेल अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

अपने उद्बोधन में बालाघाट सांसद श्रीमती पारधी ने आयोजन को अद्वितीय एवं विशिष्ट बताया उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर को भारतीय संस्कारों का रक्षक एवं पोशक बताया आयोजन में सिवनी नगर के पोद्दार, डी पी सी रोल मॉडल, मिशन इंग्लिश स्कूल, अरुणाचल पब्लिक स्कूल,डिवाइन पब्लिक स्कूल, किड्स केयर पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, रॉयल पब्लिक स्कूलआदि स्कूल के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किये ।

## सड़क बनाने भूमि किया गया पूजन



**इन दिनों नगर के सभी 24 वार्डों में सड़क और नाली का निर्माण कार्य जारी है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिसके चलते नगर के टैगोर वार्ड में रविवार को अभिषेक ग्रह निर्माण समिति कॉलोनी की कच्ची सड़क को सीमेंट कांक्रीट रोड बनाएं जाने के लिए रोड का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने सड़क निर्माण से पहले विधिवत पूजन करते हुए टैगोर वार्ड को मॉडल वार्ड बनाए जाने की भी बात कही जिसके चलते वार्डवासियों में हर्ष व्याप्त है।

इस मौके पर उपस्थित सदस्य गण में आलोक दुबे, राकेश पाल, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष अमित डाली डागौर, वार्ड पार्षद साक्षी डागोरिया, अजय डागोरिया, अधिवक्ता विनोद सोनी, अशोक टेकाम, संदीप दुबे, अधिवक्ता सुरेंद्र पाण्डे श्री नामदेव व कालोनीवासी मौजूद थे।



## एक पेड़ मां के नाम मोक्ष धाम में युवाओं ने लगाये पेड़

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बरघाट विधानसभा के ग्राम गोकलपुर में बड़े उत्साह के साथ आजादी का महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया , इस पर्व को यादगार बनाने के लिए गांव के 40 सदस्य की युवा टोली ने मिलकर हिरी नदी के किनारे श्मशान घाट पहुंचकर, पेड़ लगाने का काम किया। यहां गांव के युवाओं ने सरकार की लोक कल्याणकारी भावना एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम से प्रेरित होकर आम ,जामुन ,बरगद ,पीपल ,कनेर गुलमोहर, अमरूद आदि कई प्रजाति के लगभग 200 पेड़ लगाकर पेड़ों की देखरेख सुरक्षा का वचन लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यतः ग्राम के मुखिया गजानन्द ठाकुर, जयप्रकाश पंचेश्वर ,सेवानिवृत्ति शिक्षक लखाराम बोपचे ,कमल किशोर मालाधारी ओमकार नागेश्वर , इंदौर सिंह कावरे ,रूपेंद्र सोनी ,लेखराम पंजरिया ,सीताराम हरदे दशे लाल पंजरिया आदि कई ग्राम वासियों का सहयोग प्रदान हुआ।

## केवलारी नगर में हर्षौल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

केवलारी हरिभूमि (राकेष आत्मपूज्य)। नगर में 79 वाँ भारतीय स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नगर के शासकीय अशासकीय संस्थानों के साथ ही विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विशाल तिरंगा रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बड़े खेल मैदान में समापन किया गया। नगर के सिविल न्यायालय में न्यायधीश अजय कुमार अहिरवार,जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष रंजीत सिंह, नगर परिषद में सुनीता देवीसिंह बघेल, कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद मोदी, बीजेपी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल,यूनिवर्सल कंप्यूटर कालेज में सुधीर पांडे,पवन यादव, एस डी एम कार्यालय में महेश अग्रवाल, एस डी ओ पी कार्यालय में आशीष भारंडे, पुलिस




थाने में एस एस रामटेक्कर, अस्पताल में बी एम ओ डॉ ए के लकरा,प्रियदर्शनी विपडन सहकारी समिति मर्यादित में पृथ्वीराज साहू, कॉलेज में एस एल डेहरिया, कृषि उपज मंडी में सचिव राजेश उइके, स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक में मैनेजर राहुल गायकवाड़,रफ़ीक खान, रेल्वे स्टेशन में मननकुमार, निर्मल कुमार के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इन आयोजनों में विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति विषयों को पटल पर रखते हुए देश के अमर शहीदों की शहादत को याद करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने कि प्रेरणा दी।

### बीजेपी नेता एवं समाज सेवी महादेव तेकाम के सुपुत्र राजेंद्र तेकाम का दुखद निधन

बरघाट। सिकल सेल एनीमिया के रोग के चलते बरघाट के बीजेपी नेता एवं समाज सेवी महादेव तेकाम के सुपुत्र राजेंद्र तेकाम का कुछ दिनों पूर्व दुखद निधन को हो गया था। जिसकी की जानकारी मिलने पर डॉ श्याम सिंह कुमरे, पूर्व आईएएस एवं उनके सुपुत्र राज्यपाल के पूर्व जनजातीय प्रकोष्ठ विधि सलाहकार विक्रांत सिंह कुमरे का 14 अगस्त 2025 को बरघाट नगर आगमन पर उनके निज निवास पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली।

बता दे कि सिकल सेल एनीमिया रोग एक आनुवांशिक रोग है जिसके उन्मूलन के लिए मिशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री के द्वारा शहडोल जिले में 1 जुलाई 2023 को किया गया था। जिसके उन्मूलन एवं रोकधाम हेतु मॉनिटरिंग का कार्य राज्यपाल जिनके मार्ग दर्शन में जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य निरंतर कर रहे हैं। इसी निमित्त विक्रांत सिंह कुमरे भी कई बार प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे हैं। उनके ही गृह जिले सिवनी में सिकल सेल से मृत्यु की खबर ने उन्हें बहुत दुखी कर दिया। सिकल सेल के संबंध में उन्होंने पहले भी कई बार सिवनी जिले के ष्द्धद्धश डॉ जयपाल ठाकुर एवं कलेक्टर सिवनी से चर्चा की है एवं इसकी समीक्षा विक्रांत कुमरे के द्वारा समय समय पर की जाती रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी एवं राज्यपाल जी 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को जड़ से समाप्त करने के लिए कटिबद्ध हैं। आशा है कि सरकार के ये प्रयास सफल होंगे। इस दुःखद पर महादेव तेकाम के निवास पर श्री कुमरे के साथ भाजपा नेता राकेश ब्रम्हे एवं विनोद रजक ने दुःख व्यक्त किया ।

## भक्ति से ही शक्ति का जागरण होता है

# देश के नाम स्वतंत्रता दिवस की बेला पर पर दिया गया विशेष संदेश

## देश खुश रहेगा तो आपका घर खुशियों से भरा रहेगा

**श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्यप्रदेश में महासमाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 15अगस्त 2025 को , स्वतंत्रता दिवस की बेला पर पर देश के नाम विशेष संदेश दिया गया, 78 वर्ष में प्रथम बार ध्वजारोहण के साथ यह अनोखा आयोजन हुआ, 17अगस्त को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

चित्र अनावरण ,दीप प्रज्वलन,शास्त्रअर्पण किया गया आचार्य श्री की पूजन की गई, अंतरराष्ट्रीय हीलर श्रीमती प्रमिला जैन ने कहा कि ग्रंथों में बहुत सारी विद्याएं रहती हैं लेकिन हम उनका उपयोग नहीं कर पाते हैं ,हमारी भावना रहती है कि सभी लोग चिकित्सा पद्धति का लाभ लेकर स्वस्थ रहें

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि देश की रक्षा के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए तभी हमारा देश सुरक्षित रह सकता है, इंडिया गेट का नाम भारत द्वार होना चाहिए, इंडिया का अर्थ होता है ओल्ड फैशन्ड जिसका मतलब है असभ्य और अपराधी लोग, इसलिए भारत का ही प्रयोग करें,

देश की रक्षा में जो जवान 24 घंटे ड्यूटी करते हैं उनके प्रति हमें



हौसला प्रदान करना चाहिए जिससे उनका मनोबल बढ़ता है, राष्ट्र की रक्षा व्यक्ति परिवार धर्म समाज और संस्कृति की सुरक्षा है राष्ट्र हमारा घर है, राष्ट्र के पहरेदार बने, राष्ट्र की चिंता करना सबसे बड़ा धर्म है, देश के शहीद महान हैं क्योंकि वे देश की शान है, देश की उन्नति करवाना हमारा राष्ट्रीय धर्म है, देश खुश रहेगा तो आपका घर खुशियों से भरा रहेगा, भारतीय सभ्यता दुनिया से निराली है, राष्ट्रध्वज हमारे यश,मान ,स्वतंत्रता का प्रतीक है, वे सभी लोग सेनानी है देश के लिए जिनकी जवानी है, सदियों के त्याग और बलिदान की वेदी पर हंसते हंसते चढ़ने वालों के गुलामी की जंजीर टूट गई और 15 अगस्त को हमारी स्वतंत्रता की प्रथम बेला का आगमन हुआ था, 17 अगस्त को कहाकि प्रार्थना का अभिप्राय है - हे भगवन जिस मार्ग पर चलकर आप समस्त दुःखों से मुक्त बने हो, वह मुझे भी प्राप्त हो जाए। प्रार्थना याचना नहीं है क्योंकि याचना का अर्थ है ,हे प्रभु! जिस मोह माया को छोड़कर आप भगवान बने हैं वह मुझे मिल जाए। प्रार्थना और याचना में यही सूक्ष्म अंतर हैं कि प्रार्थना करने वाला पुजारी कहलाता है । प्रार्थना में मन का तार जब तक आस्था के पावर हाउस से नहीं जुड़ जाता तब तक न प्रकाश मिल सकता है न शक्ति । भक्ति से ही शक्ति का जागरण होता है इनसे न कभी संतुष्टि मिलेगी न ही शांति प्राप्त होगी अपितु लालसा बढ़ती ही जाएगी। परमात्मा से तो सिर्फ इतना ही कहना-जैसे आप हैं वैसा मुझे भी बना दीजिए। जो आपने किया है वैसा ही करने की शक्ति मुझे प्रदान कीजिए। ऐसी कृपा कीजिए कि आप जैसी भगवत्ता मुझमें भी प्रकट हो जाए। प्रभु के चारणों में तो उन जैसा दिव्य आचरण ही मांगना । ऐसे ईश्वरीय आचरण में ही अनन्त सुख और अमिट संपदाओं का निवास हुआ करता है।

### रोपण कार्य में भारी भ्रष्टाचार

# कमीशनखोरी में उलझा वन विकास निगम लामता

## डीएम डेविड चनाप के संरक्षण में, परियोजना परिक्षेत्र लामता राजेन्द्र जरगे वन मेन आर्मी की भूमिका में, वहीं क्षेत्ररक्षक रवि भारतीया बाहुबली





राजेन्द्र जरगे



आईएफएस डेविड चनाप

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

वन विकास निगम लामता परियोजना परिक्षेत्र लामता में वित्तिय वर्ष 2025-26 में रोपण कार्य में भारी भ्रष्टाचार तथा कमीशनखोरी की चर्चा जोरों पर चल रही हैं। मिली जानकारी अनुसार कार्यालय परियोजना मंडल बालाघाट वन विकास निगम में पदस्थ संभागीय प्रबंधक डेविड चनाप के द्वारा 26 जून 2025 को विभागीय स्थानांतरण किया गया था। आदेश में लिखा था 3 दिवस के अंदर वर्तमान सहायक परियोजना परिक्षेत्र से भारमुक्त होकर नवीन सहायक परियोजना परिक्षेत्र की पदस्थापना ग्रहण करें तथा क्षेत्ररक्षक को भी भारमुक्त होकर नवीन पद ग्रहण करें किन्तु संभागीय प्रबंधक की लचर व्यवस्था तथा कमीशनखोरी के चलते उक्त आदेश का पालन 9 अगस्त 2025 को आनन-फानन में किया जाता हैं।

सूत्र बताते हैं कि वृक्षारोपण कार्य तथा वानिकी कार्य में भ्रष्टाचार जमकर किया गया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार परियोजना परिक्षेत्र लामता में पदस्थ राजेन्द्र जरगे के संरक्षण में पाद्रीगंज क्षेत्र के कोटा तथा समनापुर क्षेत्र के ओरमहा तथा चमरवाही, लोटमारा क्षेत्र में सागौन रोपण कार्य किया गया हैं। उपरोक्त क्षेत्रों में गढ्ढा खुदाई तथा रोपण कार्य उनमें खाद्य डालने के कार्य में फर्जी मजदूरों के नाम दर्शाकर भुगतान करवाने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं।

मजदूरों ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया गया कि क्षेत्र में पदस्थ रवि भारतीया के द्वारा डोर-टू-डोर मजदूरों तक पहुंचकर वसूली का कार्य जोरों पर किया जा रहा हैं। ताकि एक बड़ी रकम वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जा सके।

### वन मेन आर्मी की भूमिका में जरगे

परियोजना परिक्षेत्र लामता में पदस्थ राजेन्द्र जरगे वन मेन आर्मी की भूमिका में नजर आते हैं, डीएम के सरंक्षण में पाद्रीगंज डीपों का प्रभार वहीं सहायक परियोजना परिक्षेत्र लामता का भी प्रभार, वहीं सहायक परियोजना परिक्षेत्र पाद्रीगंज का भी प्रभार अपने कंधो पर ले रखा हैं। उपरोक्त क्षेत्रों में रोपण कार्य किया गया हैं। मिली जानकारी अनुसार समनापुर क्षेत्र में भी राजेन्द्र जरगे तथा क्षेत्ररक्षक अनिल मरावी के द्वारा रोपण कार्य में गोलमाल करने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं।

वहीं क्षेत्ररक्षक रवि भारतीया, राजेन्द्र जरगे के सरंक्षण में बाहुबली की भूमिका में नजर आ रहे हैं। 6 बीटो का कार्य संभालने की योग्यता रवि भारतीया में ही हो सकती हैं। क्योंकि वन विकास निगम लामता में कमाऊ पूत के रूप में रवि भारतीया जाने जाते हैं। वन विकास निगम में क्षेत्ररक्षकों की कमी नही हैं, किन्तु राजेन्द्र जरगे होनहार उपरोक्त क्षेत्ररक्षक पर ही अपना विश्वास जताते हैं। क्योंकि डोर-टू-डोर पहुंचकर वसूली बाज क्षेत्ररक्षक ईमानदारी से वसूली कर वन मेन आर्मी को संतुष्ट कर सकता हैं जबकि उपरोक्त परिक्षेत्र में चुरन मरावी, प्रदीप चौधरी, शीतल दुबे, डांडेकर जैसे अन्य क्षेत्ररक्षक तथा सहायक परियोजना परिक्षेत्र परियोजना के पास थे उसके बाद भी एक क्षेत्ररक्षक को 6 बीटो का प्रभार समझ से परे हैं।

### प्रायवेट व्यापारी द्वारा अवैध रूप से खाद का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था

# पुलिस थाना बहेला एवं कृषि विभाग की रिसेवाड़ा में छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

पुलिस थाना बहेला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में पुलिस एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा 15 अगस्त को संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान पाया गया कि ग्राम रिसेवाड़ा निवासी राधेश्याम पिता अनंतराम सोनवाने द्वारा अपनी किराना दुकान एवं गोदाम में बिना अनुमति के अवैध रूप से रासायनिक उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। मौके पर कृषक हीरालाल बढ़ई पिता चंदन बढ़ई को राधेश्याम सोनवाने के गोदाम से 02 बोरी यूरिया (प्रति बोरी 45 किलो) अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा गया। जिसे उसने नगद 650 रुपए प्रति बोरी की दर से खरीदे जाने की बात स्वीकारी।

गोदाम की तलाशी लेने पर कुल 32 बोरी (लगभग 1.555 मीट्रिक टन) उर्वरक अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिनमें विभिन्न कंपनियों के यूरिया, एस.एस.पी. एवं एन.पी.के. उर्वरक शामिल हैं। पूछताछ में राधेश्याम सोनवाने उर्वरक भंडारण और विक्रय के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। इस राधेश्याम सोनवाने के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 3(2) (d), 7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) अधिनियम 1985 की धारा 3 एवं 7 के तहत थाना बहेला में अपराध क्रमांक-51/2025 पंजीबंद्ध किया गया है।

बालाघाट जिला प्रशासन ने कृषकों से अपील की है कि उर्वरक, बीज एवं अन्य कृषि सामग्री हमेशा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें। यदि किसी प्रकार की अवैध विक्रय/भंडारण की



जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या कृषि विभाग को सूचित करें।

# 15 अगस्त को हुआ देश भक्ति संगीतमय का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** स्थानीय नगर मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शाम 7:00 बजे से स्थानीय सिविल लाइन मैदान में न्यू फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप तथा विशाल नृत्य शाला के संयुक्त तत्वाधान में देशभक्ति गीत नृत्य का आयोजन देश के वीर जवानों को समर्पित कार्यक्रम स्थानीय एसडीएम आई ए एस अधिकारी अर्पित गुप्ता जी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम में गीत व नृत्य प्रतियोगिता भी रखी गई थी एक दिन पूर्व सैकड़ो प्रतिभागी में से ऑडिशन होने के पश्चात नृत्य में जोनेसा चढार प्रथम, सायंटिका चटर्जी द्वितीय,अमायरा सूर्यवंशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार गीत प्रतियोगिता में चांगोटोला से आए प्रतियोगी नेहा विश्वकर्मा प्रथम आयुष जैन द्वितीय तथा अंकित अजीते ने तिसरा स्थान प्राप्त किया विजेता प्रतियोगियों को शील्ड प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार व प्रतियोगिता में शामिल समस्त प्रतियोगियों को भी प्रशस्ति पत्र व शील्ड दिया गया, कार्यक्रम का मंच संचालन सतीश बुढेश्वर व आबिद कुरैशी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के दौरान स्थानीय आर्केस्ट्रा न्यू फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार रोशन विश्वकृमा,संतोष घोड़ेश्वर,विक्की परवार,गायत्री पंचतिलक, सीमा मिश्रा, सोनिया यादव के द्वारा देशभक्ति गीत संगीत भी प्रस्तुत किया गया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद मिश्रा ने की उक्त कार्यक्रम को पूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रतिष्ठान एचपी पेट्रोल पंप, समर्थ ट्रैक्टर एवं मोटर्स ,एसके मार्ट, अवधिया भंडार, शिवा फ्लेक्स, शिव शक्ति हार्डवेयर, पूजा बेकरी, अभय बंटी पांडे वाहन एवं स्वास्थ्य बीमा सलाहकार, जायसवाल टेंट, गांधी सलूजा वेल्डिंग के प्रोपराइटरो के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग कर प्रायोजकगण के रूप में शामिल हुऐ थे कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में स्थानीय देशभक्त संगीत प्रेमी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य राहुल शिव, सिद्धार्थ मेश्राम, संजय लाकड़े, विशाल बघेल का विशेष योगदान रहा उक्त कार्यक्रम को पूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए पहली बार नगर के प्रतिष्ठान के द्वारा सहयोग करने के लिए आयोजन समिति के द्वारा स्मृति चिन्ह किए गए।



### वन्य प्राणी घोरपड़ को पकडने में असफल रहे वन विभाग के कर्मचारी

**वारासिवनी।** नगर के गोलीबारी चौक स्थित अनुज चौरासिया के घर के प्रांगण में शनिवार की सुबह एक घोरपड़ दिखाई दिया। इस बात की खबर लोगों को लगते ही वहॉं पर घोरपड़ को देखने के लिए भीड़ एकत्रित हो गई। घोरपड के निकलने की जानकारी वारासिवनी वन विभाग को दी गई। लेकिन जानकारी मिलने के लगभग एक घंटे बाद भी वन विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिस पर मौके पर मौजूद वन्य जीव प्रेमियों द्वारा उसे पकडऩे का प्रयास किया गया। मगर वह भी उसे पकडऩे में असफल रहे। लगभग एक घंटे बाद वन विभाग के कुछ कर्मी स्थल पर पहुँचे। मगर तब तक घोरपड़ पीपल के पेड़ के नीचे गड्ढों मे जाकर छुप गया।

### पीएचई कार्यालय में श्री उइके ने किया ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आओ जल संरक्षण और स्वच्छता के संकल्प के साथ इस स्वतंत्रता दिवस को मनाएँ। इसी भावना के साथ 15 अगस्त को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यालय में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसमें लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उइके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा और राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका ने दिया हर घर स्वच्छता और हरियाली का संदेश

**हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।** नगर पालिका परिषद मलाजखंड में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमान सिंह मरावी उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी एवं पार्षद गणों द्वारा सर्वप्रथम मां भारती की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद नगर पालिका परिषद मलाजखंड के अध्यक्ष श्रीमान सिंह मरावी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मनचासिन कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी लोगों को भाई चारे के साथ मिलकर रहने की बात कही साथ ही क्षेत्र को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करने की बात कहीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमान मानसिंह मेरावो, उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी पार्षद,



मधुसेदरे पार्षद सूबेदार सिंह पार्षद श्रीमती माया टांडिया पार्षद श्रीमती वर्षा पटले सांसद प्रतिनिधि प्रशांत जैन सीएमओ दिनेश बागमरे तथा कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# केश शिल्पी सेन(नाई) समाज बालाघाट ने धूमधाम से मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

सेन समाज के आराध्य देव नंदा सेन महाराज के सेन चौक पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रति वर्ष की भांति बड़े की हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र भक्त की गर्म जोश के साथ 15 अगस्त का पर्व देशभक्ति और उत्साह पूर्वक मनाया गया। सेन चौक को तिरंगे झंडों, रंगोली और पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया था, जिससे पूरा सेन चौक राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया 15 अगस्त के सुबह ठीक 08 बजे, केश शिल्पी सेन नाई समाज के समस्त सेलून दुकानदार भाई सहित सामाजिक संगठन के वरिष्ठ जनों के साथ राष्ट्रध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया गया,ध्वजारोहण के समय सेन चौक में आने जाने वाले स्कूल कॉलेज के बच्चों सहित बड़े बुजुर्ग सहित सामाजिक बंधुओं सहित,नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर, युवा अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास, नगर अध्यक्ष महेश मानेश्वर ,, जिला कोषाध्यक्ष ललित श्रीवास,सहित, केश शिल्पी सेन नाई समाज के वरिष्ठ संरक्षक, अमित श्रीवास, अशोक श्रीवास,डॉ.रवि श्रीवास, किशोर जुझार, शिव कुमार श्रीवास, रमेश भारद्वाज, प्रेम गोले,ओम प्रकाश सविता, सहित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भास्कर भारद्वाज, पंकज सोनू श्रीवास, चेतन विरुरकर,अशोक गोंडाने, ललित सोनू श्रीवास, अमोल कुकड़कर,मनेंद्र श्रीवास, मुकेश लांजेवार , झनक कौशल,किशोर सेडे, राहुल कुकड़कर, रवि श्रीवास,मधु मौदेकर,सोनू दहिकर, पिंटल कुकड़कर , उमेश श्रीवास, पंकज गोंडाने, दीपक नागपुरकर, जितेन्द् सरोठे,, आदर्श सेन, राजू बुंदेला, सुरेश सेन, मानू सेन,गणेश दूधेले, राकेश कुकड़कर, नरेश कुकड़कर, बबलू सेन, बंटी सेन, मलय भारद्वाज, जय सराठे, , संदीप सेन,बिट्टू बिजली, कोमल श्रीवास, विशाल, पिंटू आशीष सेन,मनोज नगीने, हेमंत अमृतकर, दिलीप खैरकर, धरम नगिने, राजेश गोले , कुंवर गोंडाने, शिवम गोंडाने, शुभम पैठेकर, अनिल शिवनकर, दीपक मेश्राम,,मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर सेन चौक में उपस्थित सभी लोगों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सेन चौक में संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन (नाई) समाज द्वारा आए हुए अतिथियों ,महानुभाव ,सामाजिक बंधुओं, सहित राष्ट्र भक्त, के वरिष्ठों को नाश्ता एवं मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर मानो सेन चौक, पॉलीटेक्निक कॉलेज, वाले क्षेत्र में खुले मौसम के साथ वातावरण आत्मीयता और उत्सव में रंग और गहरा हो गया।इस अवसर पर सेन समाज के वरिष्ठों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता अखंडता पर , अनुशासन, सही समय का पालन और अपने समाज के कार्यों पर नियमों शर्तों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया गया ,वहीं समाज में हो रहे गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया,कार्यक्रम के अंत में 'वन्दे मातरम्' के जोशीले नारों के साथ समारोह का समापन हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित,जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर, एवं वीरेंद्र श्रीवास, महेश मानेश्वर ने समस्त सामाजिक बंधुओं का अपने अमूल्य समय निकालकर सेन महाराज के श्री चरणों में, स्वतंत्रता दिवस समारोह पर पहुंचे आए हुए अतिथियों का उत्साह देखकर ,, युक्त आयोजन को यादगार और सफल पर्व के रूप में सभी के मन में अंकित हो ,, कहकर सभी महानुभाव सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत रंगोली, तिरंगा राखी प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** शासकीय महाविद्यालय हट्टा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति के रंगों से सराबोर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी प्रतियोगिता और रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनशीलता और देशप्रेम का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली एवं तिरंगा राखी प्रतियोगिता से हुई, जहां प्रतिभागियों ने तिरंगे के रंगों और देशभक्ति की भावनाओं को अपनी कला में खूबसूरती से उतारा। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें ₹वंदे मातरम₹ और ₹भारत माता की जय₹ जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। महाविद्यालय परिसर में विशेष सेल्फी पाइंट भी बनाया गया, जहां सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उन्हें हर घर तिरंगा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया।इस अवसर पर प्राचार्य श्री बिसेन ने कहा, ₹ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।₹ उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार एवं प्रेरणादायक आयोजन बना दिया।



### सांदीपनि विद्यालय आमगांव में मनाया गया 79वॉ स्वतत्रंता दिवस

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** सांदीपनि विद्यालय आमगांव में 15 अगस्त स्वतत्रंता दिवस आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 07.30 बजे ध्वाजारोहण संस्था के प्राचार्य श्री डीएस वाडिवे द्वारा किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई जो ग्राम के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुये सांदीपनि विद्यालय के बहुउद्देशीय कक्षा में इकट्ठा हुई, जिसमें मंचीय कार्यक्रम 09.00 बजे से प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवलाल सैयाम सरपंच ग्राम आमगांव एवं ग्राम के नागरिक विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित हुये। कार्यक्रम के दौरान अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति पूर्ण मनोहक आकर्षक प्रस्तुतियॉ दी गई एवं प्रदर्शन किया गया। अंत में मुख्य अतिथियों के उदबोधन हुये जिसमें शहीदों को याद करते हुये आजादी प्राप्ति के विषय के बारे में विस्तृत से बताया गया एवं विद्यार्थियों से आह्वाहन किया गया कि देशभक्ति व समर्पण की भावना से अपने भविष्य का निर्धारण करें ।



### लांजी सालेटेकरी मार्ग के बकरामुंडी जांच नाका की घटना

# मवेशियों से भरी पिकअप ने तोड़ा जांच नाका!

## थाने में की गई शिकायत, रेंजर ने मामले से झाड़ा पल्ला

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के सालेटेकरी मार्ग पर स्थित वन परिक्षेत्र लांजी सामान्य के अंतर्गत आने वाले बकरामुंडी जांच नाका में 16 अगस्त की देर रात्रि लगभग 11 बजे एक मवेशियों से भरी पिकअप नाका तोड़कर फरार हो गई। उक्त घटना जांच नाके का बेरियर भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसकी लिखित शिकायत वनविभाग द्वारा लांजी थाने में की गई है। घटना के संबंध में ग्राम घोटी सरपंच श्रीचंद कामड़े ने बताया की लांजी से अपने रिश्तेदार के यहां से जन्माष्टमी पर्व के कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर वापस जा रहे थे तभी रात्रि के समय सालेटेकरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही थी जो मवेशियों से भरी हुई थी, पिकअप ने पहले स्टापर को ठोकर मारते हुए बेरियर को क्षतिग्रस्त करते हुए आगे बढ़ गई। गनीमत रही की इस घटना में स्टापर और बेरियर मार्ग से गुजर रहे सरपंच के परिजनों को नहीं लगा अन्यथा किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होने वनविभाग के अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता से यह घटना हुई है। वहीं रात्रि के समय जांच नाके में ड्यूटी कर रहे वनपाल ज्ञानीराम गोटाफोड़े ने बताया की वे जयप्रकाश कुमारे वनरक्षक के साथ रात्रि में जांच नाके में उपस्थित थे तभी रात्रि 11 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन गुजरा और स्टापर और बेरियर को क्षतिग्रस्त करते हुए लांजी की ओर फरार हो गया। घटना की जानकारी हमारे द्वारा तुरंत ही दूरभाष पर वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और 17 अगस्त को लांजी थाने में इस घटना की लिखित शिकायत की गई है।



**हमेशा सुर्खियों में रहती है लांजी क्षेत्र में मवेशियों की तस्करी:** उल्लेखनीय है की लांजी क्षेत्र में आये दिन मवेशी तस्करी की खबरे अखबारों की सुर्खियां बनी रहती है। परंतु क्षेत्र में लचर प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण मवेशी तस्कर धड़ल्ले से मवेशियों को रात के अंधेरे में एक राज्य से दूसरे राज्य में भेज रहे है और पुलिसिया कार्यवाही का उन्हें कोई भय नहीं है। इसके पहले भी कुछ माह पूर्व इसी जांच नाके के पास पुलिस ने सूचना मिलने पर मवेशियों से भरा महाराष्ट्र राज्य का ट्रक पकड़ा था। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लांजी क्षेत्र के बहेला, टिमकीटोला, आमगांव रोड, मछुरदा से लांजी मार्ग पर ज्यादातर मवेशी तस्कर सक्रिय रहते है परंतु लगातार कार्यवाही न होने के कारण इन पर लगाम नहीं लग पा रही है।

**परिक्षेत्र अधिकारी ने झाड़ा मामले से पल्ला:** इस संबंध में जब वन परिक्षेत्र लांजी पूर्व के परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट से जानकारी मांगी गई तो उन्होने साफ इंकार करते हुए कहा की यह नियमों के विरूद्ध है हमे किसी भी घटना के संबंध में कोई भी जानकारी मीडिया से साझा करने की अनुमति नहीं है। आप इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करें। दूसरी ओर जब उक्त घटना के मामले में एसडीओ राकेश कुमार अड़कने से संपर्क करने के लिये उनके नंबर पर कॉल किया गया तो उनका नंबर बंद आने लगा जिससे इस मामले में वनविभाग के किसी भी जिम्मेदार के द्वारा जानकारी से अवगत कराने में आनाकानी की गई।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com•M.Com NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त... स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट Admission Open
इलेक्ट्रिशियन फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832